## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेलर वाहन में संदिग्ध अवस्था में मिली चालक की लाश

**रायगढ़ (आरएनएस)।** शहर के जामगांव रोड पर सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर वाहन में शनिवार सुबह एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में लाश मिली है। मृतक ट्रेलर वाहन का चालक बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची चक्रधर नगर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया तथा मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को शहर के जामगांव रोड पर सडक़ किनारे खड़े ट्रेलर वाहन में वाहन के चालक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। बताया जा रहा है कि मृतक बिहार का रहने वाला है। सुबह सुबह इस घटना की सूचना पुलिस को गांव के लोगों ने दी। जिसके बाद मौक पर पहुंची चक्रधर नगर पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुछताछ में पता चला है कि मृतक हाल ही में बिहार से यहां रहने आया था। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का लग रहा है। पुलिस ने आशंका व्यक्त की है कि मृतक को लूटने के उदेश्य से उसकी हत्या की गई होगी। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

### सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** सडक़ हादसे में घायल युवक की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में राखी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक प्रेमसुख नेताम 52 वर्ष ने कल शाम अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सीटी 7438 से कही जा रहा था तभी ग्राम कुहेरा के पास रोड पर बैठे जानवर से जा टकराया और गिर गया। जिससे उसे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में राखी थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### नाबालिग लड़की का अपहरण

**रायपुर (आरएनएस)।** अज्ञात व्यक्ति ने नाबालिग लडक़ी को भगा ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार भोईपारा निवासी प्रार्थी ने थाने में शिकायत किया कि अज्ञात आरोपी ने उसकी 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर आजाद चौक पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

### आरटीओ इंस्पेक्टर से गाली-गलौज

**रायपुर (आरएनएस)।** आरटीओ इंस्पेक्टर से गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया सुषमा एक्का 52 वर्ष आरटीओ कार्यालय रावांभाठा में इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। बताया जाता है कि प्रार्थिया कल अपने दफ्तर में बैठी थी तभी आरोपी प्रिंस परमार अपने दोस्त के साथ आया और प्रार्थिया से गाली-गलौज कर शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 186, 353, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### मामूली विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़े

**रायपुर (आरएनएस)।** रिंग रोड नंबर 2 स्थित पटेल होटल में मामूली विवाद पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पहले पक्ष से प्रार्थी धमेन्द्र चौधरी 35 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह पटेल होटल में खाना खाने गया था। जहां खाना खाने के बाद पानी मांगने पर आरोपी सुरेन्द्र, जितेन्द्र एवं सरबजीत प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। वहीं दूसरे पक्ष से प्रार्थी सुरेन्द्र प्रसाद ने थाने में शिकायत किया पानी मांगने पर देर हो जाने की बात को लेकर आरोपी धर्मेन्द्र चौधरी एवं सोनू शर्मा ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। दोनों पक्षों की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने काउंटर अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### फैक्ट्री के बाहर खड़ा ट्रक पार

**रायपुर (आरएनएस)।** सिलतरा स्थित लेगबो लेजेस्टीक कंपनी के पास खड़ी हाईवा वाहन को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरविन्द राय 52 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि वह अपनी हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एलए 5372 को सिलतरा स्थित लेगबो लेजेस्टीक कंपनी के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने उसे पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर धरसींवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## रायगढ़ पुलिस की डाक सेवक भर्ती में फर्जीवाड़े का खुलासा...

# फर्जी अंकसूची के जरिए नौकरी लगवाने वाले गिरोह का सरगना समेत सात आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

- आरोपियों से कंप्यूटर, स्कैनर, स्कूल के सील, मुहर, 15,000 रुपए नकद, 3 मोबाइल व 2 कार जब्त
- एक ही रात पुलिस की टीमें रायपुर, बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर-चाम्पा में आरोपियों के ठिकाने पर दी दबिश
- एक आरोपी ओपन स्कूल का पूर्व अध्यक्ष, जाली नोट छापने में जा चुका है जेल, गिरोह में कंप्यूटर सेंटर का संचालक भी शामिल





**रायगढ़।** डाक विभाग द्वारा ग्रामीण डाक सेवक भर्ती के माध्यम से शाखा डाकपाल एवं सहायक शाखा डाकपाल की भर्ती ली गई है। भर्ती कक्षा दसवीं में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर किया गया है जिसमें कुछ अभ्यर्थियों द्वारा जालसाजों से मिलकर फर्जी सर्टिफिकेट देकर अवैधानिक तरीके से नौकरी हासिल किए। डाक विभाग द्वारा अभ्यार्थीयों के अंकसूची के सत्यापन पर मामले का खुलासा हुआ। डाक अधीक्षक रायगढ़ द्वारा सिटी कोतवाली रायगढ़ को दिए गए आवेदन पर अभ्यर्थी स्वाति कंवर के द्वारा फर्जी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी प्राप्त करने का शिकायत प्रस्तुत किया गया था।

थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं नगर पुलिस अधीक्षक को मामले से अवगत कराये। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अभिषेकमीणा तथा एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा थाना प्रभारी कोतवाली मामले की तह तक जांच के निर्देश दिए। नगर पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर मामले की जांच करते हुए निरीक्षक मनीष नागर, उप निरीक्षक बी.एस. डहरिया, आर.एस.तिवारी तथा सहायक उप निरीक्षक उदयभान सिंह अभ्यार्थीयों से बारीकीह से पूछताछ किया गया जिसमें अभ्यर्थियों को नौकरी लगाने का प्रलोभन देने रूपयों की वसूली करने वाले से लेकर अभ्यर्थियों को फर्जी अंकसूची दिलाने वाले गिरोह की जानकारी मिली।

नगर निरीक्षक मनीष नागर तत्काल जानकारी एसपी एवं एएसपी को अवगत कराये। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर टीआई मनीष नागर एवं विवेचकों की अलग-अलग टीमें बनाकर कल रात ही टीमें रायपुर, बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर-चांपा रवाना किया गया। आज सुबह गिरोह के मुख्य सरगना हीरालाल गबेल समेत 7 आरोपियों को पुलिस अलग-अलग स्थानों से हिरासत में लिया गया जिनसे ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में फर्जीवाड़ा के संबंध में पूछताछ करने में पर आरोपीगण फर्जीवाड़े में अपनी अपनी भूमिका बताएं।

आरोपिया स्वाति कंवर निवासी खमरिया बिलासपुर बताई की डाक विभाग में ग्रामीण डाक सेवक भर्ती में भर्ती के लिए उसके पिता वीरेंद्र सिंह तथा जीजा लखेश्वर सिंह दलाल संजय शर्मा निवासी सीपत बिलासपुर के माध्यम से हीरालाल गबेल के संपर्क में आए। दलाल संजय शर्मा किसी भी भर्ती में सर्टिफिकेट के आधार पर भर्ती कराने का प्रलोभन दिया। हीरालाल गवेल जो कि पूर्व में आपेन स्कूल का अध्यक्ष था, अपने पास रखे सील, मुहर का गलत इस्तेमाल करता था। आरोपी हीरालाल गबेल वर्ष 2005 में जाली नोट मामले जेल की हवा खा चुका है। गिरोह में शामिल मालखरोदा जांजगीर चांपा का योगेंद्र धीरहे का कंप्यूटर सेंटर है, जहां फर्जी मार्कशीट तैयार किया जाता था। हीरालाल गबेल, योगेंद्र धीरहे तथा संजय शर्मा मिलकर अभ्यर्थियों से संपर्क करते थे और उन्हें किसी भी तरीके से नौकरी लगाने का प्रलोभन देकर रुपए ऐंठा करते थे। कुमारी स्वाति कंवर के अलावा कृष्ण कुमार साहू निवासी सरसींवा जिला बलौदाबाजार भी इनके जालसाजी को जानते हुए भर्ती के लिए इन्हें रकम दिया था। कुमारी स्वाति कंवर, उसका जीजा लखेश्वर सिंह कंवर तथा कृष्ण कुमार साहू नौकरी हासिल कर चुके थे। हिरासत में लिये गये आरोपियों से बारीकी से पूछताछ में आरोपी बताएं कि डाक विभाग के बाद ये सीजीपीएससी, व्यापम जैसी भर्तियों में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के संपर्क में थे। मोटी रकम के एवज में उन्हें अच्छा मार्कशीट (फर्जी) उपलब्ध कराकर कई विभागों में नौकरी लगाने का प्रलोभन दिये थे। गिरोह का एक आरोपी भोजराम सिदार फरार है, जिसके गिरफ्तारी के बाद मामले में कुछ और आरोपियों के नामों का खुलासा हो सकता है।

आरोपी हीरालाल गबेल से एक स्वीफ्ट कार, स्कूल की सील, मुहर, आरोपी संजय शर्मा से एक ब्रेजा कार, आरोपी योगेन्द्र धीरहे के कंप्यूटर दुकान से फर्जी सर्टिफिकेट जारी करने में प्रयुक्त एक लैपटॉप, एक कंप्यूटर, कलर प्रिंटर, सीपीयू एवं स्कैनर फोटोकॉपी मशीन एवं आरोपियों के कब्जे से नकद 15,000 रूपये, 3 मोबाइल, रजिस्टर जप्त किया गया है। आरोपियों को थाना कोतवाली के अप.क्र. 954/2022 धारा 420,467,468,471,34 IPC में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा रहा है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व एडिशनल एसपी के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक के सुपरविजन में थाना कोतवाली की टीम में थाना प्रभारी मनीष नागर, उपनिरीक्षक बी.एस. डहरिया, उनि आर.एस. तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक उदयभान सिंह, प्रधान आरक्षक श्याम देव साहू, राम साहू, आरक्षक पुष्पेंद्र जाटवर, उत्तम सारथी, कोमल तिवारी, महिला आरक्षक प्रतीक्षा मिंज की सराहनीय भूमिका रही है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

(1) हीरालाल गबेल पिता भगतराम गबेल उम्र 50 वर्ष आमनडुला थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा

(2) योगेंद्र धीरहे पिता रामदयाल धीरहे उम्र 29 वर्ष निवासी चरौदी थाना मालखरौदा जिला जांजगीर चांपा

(3) संजय शर्मा पिता सरजू प्रसाद शर्मा उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम धनिया थाना सीपत जिला बिलासपुर

(4) स्वाति कंवर पिता वीरेंद्र सिंह कमर उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया जिला बिलासपुर

(5) वीरेंद्र सिंह कंवर पिता कलाराम कंवर उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम खमरिया थाना सीपत जिला बिलासपुर

(6) लखेश्वर सिंह कंवर पिता मनहरण सिंह कंवर उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम कटहरी थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा

(7) कृष्ण कुमार साहू पिता शिव लोचन साहू उम्र 35 वर्ष निवासी बम्हनपुरी थाना सरसींवा जिला बलौदाबाजार

## जूटमिल के कई इलाको में बाइक पेट्रोलिंग पुलिस दी दबिश : शराब भट्टी के पास जमावड़ा करने वालों व सार्वजनिक स्थानों पर नशाखोरी करने वालों लगाई फटकार

- बाइक पेट्रोलिंग को शराब परिवहन करते मिला एक युवक, आबकारी एक्ट की कार्यवाई

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर थाना चक्रघरनगर, थाना कोतवाली एवं चौकी जूटमिल की संयुक्त टीम द्वारा शाम के समय थाना क्षेत्र के गली, मोहल्लों तथा सुनसान क्षेत्र जहां शराबखोरी की शिकायतें मिल रही है, ऐसे स्थानों पर सघन पेट्रोलिंग किया जा रहा है। इसी क्रम में संयुक्त बाइक पेट्रोलिंग द्वारा जूटमिल टीआई हर्षवर्धन सिंह बैस के नेतृत्व में आज शाम पुलिस चौकी जूटमिल अंतर्गत सघन बाइक पेट्रोलिंग की कार्रवाई की गई जिसमें चौकी जूटमिल अंतर्गत आने वाली मिट्ठूमुड़ा, बजरंगडिपा, चमड़ा गोदाम, अमलीभौवना, मोहदापारा, निगम कॉलोनी, कांशीराम चौक, छातामुड़ा चौक, कयाघाट, मिनीमाता चौक आसपास पेट्रोलिंग कर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों का जांच किया गया। इस दौरान शराब भट्टी के निकट लगने वाली भीड़ को तितर-बितर कर चेतावनी दी गई कि आगे शराब भट्टी के नजदीक बैठकर शराब पीने वालों पर कार्रवाई किया जावेगा। पेट्रोलिग दौरान एक युवक अवैध शराब परिवहन करते मिला जिस पर चौकी जूटमिल में आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया गया है। पेट्रोलिंग के माध्यम से असमाजिक तत्वों को संकेत दिया गया है कि अवैधानिक कृत्य करते पाये गये व्यक्तियों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करेगी। पुलिस की इस कार्रवाई का प्रबुद्धजन विशेषकर महिलाएं काफी प्रसंशा कर रहे हैं, वहीं इस पेट्रोलिंग से असमाजिक तत्वों में खौफ है।

### टाऊन पेट्रोलिंग पुलिस के हाथ आया चोरी की बैटरी के साथ आरोपी : गांव के ही ट्रैक्टर से बैटरी चोरी कर बेचने ग्राहक के तलाश में था आरोपी, गया जेल

रायगढ़। दिनांक 25/06/2022 को पुलिस चौकी जूटमिल की टाउन पेट्रोलिंग द्वारा चौकी प्रभारी जूटमिल के निर्देशन पर कोड़ातराई के अमित दास महंत उर्फ गुड्डू के घर दबिश देकर अमित दास महंत के कब्जे से एक चोरी की हुई ट्रैक्टर की बैटरी जप्त किया गया है। आज दोपहर चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बैस को मुखबिर से सूचना मिली कि कोड़ातराई का अमित दास महंत बैटरी चोरी कर घर में छुपा रखा है जिसे बेचने के लिए कुछ लोगों से मोलभाव भी किया है। चौकी प्रभारी द्वारा सहायक उप निरीक्षक विजय गोपाल को टाउन पेट्रोलिंग के साथ जाकर मुखबिर सूचना की तस्दीकी कर कार्यवाही का निर्देश दिए पेट्रोलिंग द्वारा संदेही के घर जाकर बैटरी चोरी कर छिपा कर रखने के संबंध में हिकमतअमली से पूछताछ किया गया जिस पर अमित दास महंत अपने गांव के तालाब के पास खड़ी ट्रैक्टर की बैटरी को चोरी कर घर में छिपाकर रखना बताया और घर से निकाल कर सामने लाया। आरोपी अमित दास महंत से एक नग एक्साइज कंपनी का बैटरी कीमत करीब ₹9,000 की जप्ती कर आरोपी पर धारा 41(1+4) CrPC/379 IPC की कार्यवाही कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह बेस के निर्देशन पर कार्यवाही में आरक्षक बनारसी सिदार, जितेंद्र दुबे, सत्या यादव और विनय तिवारी की अहम भूमिका रही है।

## छेड़खानी का आरोपी गिरफ्तार : आरोपी ने अपने साथी के युवती से किया था छेड़खानी



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर महिला संबंधी अपराधों के फरार आरोपियों की पतासाजी के लिए गठित लैलूंगा की टीम द्वारा युवती से छेड़खानी के फरार आरोपी को कल दिनांक 24.06.2022 को गिरफ्तार कर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी लालजीत राठिया (19 साल) अपने साथी सोनू तुरी (20 साल) के साथ मिलकर गांव की युवती के साथ छेड़खानी किया था। घटना के संबंध में दिनांक 26.06.2021 को पीड़ित युवती (30 साल) थाना लैलूंगा में दोनों आरोपियों के विरूद्ध छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज करायी थी। युवती के बताये अनुसार दिनांक 19/06/2021 के शाम खेत तरफ गई थी। जहां गांव के लालजीत और सोनू तुरी इसका पीछा करते हुए इसके करीब पहुंचे। लालजीत हाथ पकड कर छेड़खानी करने लगा इसमें सोनू तुरी उसकी मदद किया। किसी तरह से घर पहुंचकर घरवालों को घटना बताई। दूसरे दिन गांव में बैठक कराये, बैठक में दोनों लड़के नहीं आये, उनके घरवाले खोजकर लायेंगे बोल पर घटना को लेकर गांव में तरह-तरह की बातें होने के कारण देर न कर युवती आरोपियों पर कार्रवाई के लिए रिपोर्ट दर्ज करायी जिसके बाद से दोनों फरार थे। आरोपी सोनू तुरी (20 साल) को दिनांक 16.06.2022 को रायगढ़ से गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था, मुख्य आरोपी लालजीत राठिया की सूचना देने थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम मुखबिर लगा रखे थे। दिनांक 24.06.2022 को मुखबिर सूचना पर आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## छत्तीसगढ़ में अब तक 101.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 101.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 25 जून तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिलें में सर्वाधिक 192.8 मिमी और जशपुर जिले में सबसे कम 53.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 55.5 मिमी, सूरजपुर में 81.4 मिमी, बलरामपुर में 56.8 मिमी, कोरिया में 87.7 मिमी, रायपुर में 61.4 मिमी, बलौदाबाजार में 105.0 मिमी, गरियाबंद में 107.8 मिमी, महासमुंद में 76.7 मिमी, धमतरी में 92.2 मिमी, बिलासपुर में 107.1 मिमी, मुंगेली में 154.0 मिमी, रायगढ़ में 117.8 मिमी, जांजगीर-चांपा में 162.7 मिमी, कोरबा में 135.4 मिमी, दुर्ग में 75.8 मिमी, कबीरधाम में 103.3 मिमी, राजनांदगांव में 106.3 मिमी, बालोद में 151.0 मिमी, बेमेतरा में 97.5 मिमी, बस्तर में 106.5 मिमी, कोण्डागांव में 71.5 मिमी, कांकेर में 80.5 मिमी, नारायणपुर में 79.8 मिमी, दंतेवाड़ा में 97.0 मिमी, सुकमा में 95.6 मिमी और बीजापुर में 119.6 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

## सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम में 213 किसानों का बना किसान क्रेडिट कार्ड

- खेती की चिंता हुई दूर, समिति से पैसे एवं खाद-बीज प्राप्त करने मे होगी आसानी

**कोरबा (आरएनएस)।** कलेक्टर श्रीमती रानू साहू के मार्गदर्शन में जिले मे आयोजित किये जा रहे सरकार तुंहर द्वार कार्यक्रम से जिलेवासी लाभान्वित हो रहे है। शिविर के माध्यम से सभी वर्गो को राशन, पेंशन आदि सुविधाओं का लाभ मिल रहा है। शिविर के माध्यम से किसानों को भी खेती करने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही है। साथ ही किसानों को शासकीय योजनाओं का भी लाभ प्रदान किया जा रहा है। नोनबिर्रा में आयोजित सरकार तुंहर द्वार शिविर में 213 किसानों का नया किसान क्रेडिट कार्ड बनाया गया। शिविर के पहले सर्वे करके किसानों से आवेदन लिये गये थे। शिविर स्थल में किसानों को केसीसी कार्ड का वितरण कलेक्टर श्रीमती रानू साहू ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में किया। नये केसीसी कार्ड बन जाने से किसानों की खेती की चिंता दूर हो गयी है। केसीसी कार्ड के माध्यम से अब उन्हें खेती करने के लिए बिना ब्याज के रूपये सहकारी समितियों से मिल सकेंगी। साथ ही रियायत दर पर खाद-बीज भी प्राप्त होगी।

सरकार तुंहर द्वार शिविर में नया केसीसी कार्ड बन जाने पर ग्राम नोनबिर्रा के किसान श्री अनिल कुमार कंवर ने खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उनके पास लगभग सात एकड जमीन है। पहले खेती करने के लिए आवश्यक खाद-बीज बाजार से खरीदना पडता था। जिसमें अधिक रूपये खर्च होते थे। साथ ही खेती करने के लिए जरूरी पैसे भी अधिक ब्याज पर बाहर से लेना पडता था। उन्होने बताया कि सहकारी समिति के माध्यम से किसान क्रेडिट कार्ड बन जाने से उनको एक लाख 14 हजार रूपये की क्रेडिट लिमिट मिल गयी है। जिसमे से 68 हजार 700 रूपये नगद के रूप में और 45 हजार 800 रूपये के खाद-बीज प्राप्त करने की सुविधा प्राप्त हो गयी है।

## हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के लिए भिलाई इस्पात संयंत्र की टीएमटी बार्स की निर्बाध आपूर्ति जारी है

**भिलाई (आरएनएस)।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र जो राष्ट्रीय महत्व की बड़ी परियोजनाओं में उपयोग के लिए भूकंप और जंगरोधी गुणों के साथ उच्च शक्ति वाले टीएमटी बार्स का उत्पादन करता है, जिसका उपयोग राष्ट्रीय महत्व की बड़ी परियोजनाओं जैसे मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना हेतु अब तक विभिन्न आयामों के 500 डी ग्रेड में 80,000 टन से अधिक टीएमटी बार की आपूर्ति कर चुका है।

भारत की पहली निर्माणाधीन हाई-स्पीड रेल लाइन परियोजना के गुजरात खंड में निर्माण गतिविधि ने पिछले कुछ वर्षों में गति पकड़ी है। चालू वित्त वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही अप्रैल से जून, 2022 तक भिलाई इस्पात संयंत्र की मर्चेंट मिल और आधुनिक बार एंड रॉड मिल ने मिलकर 8 मिलीमीटर, 10 मिमी, 12 मिमी, 16 मिमी, 20 मिमी, 25 मिमी और 32 मिमी सहित विभिन्न आयामों के 500डी ग्रेड में 15,000 टन से अधिक टीएमटी बार्स की आपूर्ति की है। इनमें 121 टन टीएमटी बार्स 8 मिमी व्यास में, 733 टन 10 मिमी व्यास, 755 टन 12 मिमी व्यास, 3359 टन 16 मिमी व्यास, 1132 टन 20 मिमी व्यास, 890 टन 25 मिमी व्यास तथा 8040 टन 32 मिमी व्यास के टीएमटी बार्स की आपूर्ति की हैं। 25 मिमी और 32 मिमी टीएमटी बार्स की रोलिंग प्लांट की मर्चेंट मिल में की गई है तथा बाकी टीएमटी बार्स को प्लांट की मॉडेक्स यूनिट बार एंड रॉड मिल से रोल किया गया है।

इससे पूर्व इसी परियोजना हेतु सेल-बीएसपी ने 500 डी ग्रेड में 65,000 टन से अधिक टीएमटी बार्स की आपूर्ति की थी। सेल-बीएसपी के टीएमटी बार का उपयोग हाई स्पीड रेल कॉरिडोर परियोजना के पिलर्स और गर्डर के निर्माण में किया जा रहा है जो बुलेट ट्रेन के रेल कॉरिडोर बिछाने के लिए बनाए जा रहे है। यह स्ट्रक्चर स्टील पुलों की भार वहन क्षमता को सपोर्ट करेगा। 508 किलोमीटर लंबी परियोजना महाराष्ट्र के मुंबई, ठाणे और पालघर से होते हुए गुजरात में वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच, वड़ोदरा, आनंद, खेड़ा और अहमदाबाद होकर गुजरेगा। इस पर चलने वाली बुलेट ट्रेन 508 किमी की दूरी को 320 किमी प्रति घंटा की अधिकतम परिचालन गति के साथ 2 घंटे 7 मिनट में तय करेगी। एमएएचएसआर परियोजना के निर्माण कार्य को नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

दूसरी ओर संयंत्र की मर्चेंट मिल और बार एंड रॉड मिल, वर्तमान बाजार के अत्यधिक प्रतिस्पर्धी वर्ग के ग्राहकों की मांग के अनुसार बड़ी बिजली और सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवष्यक रसायनिक गुणों वाले विषेष स्टील का उत्पादन कर रही है। यहां उत्पादित टीएमटी बार्स का उपयोग भूकंप और जंग प्रवण क्षेत्रों में बनने वाली ऊंची इमारतें के लिए भी किया जा रहा है। बार एंड रॉड मिल में उत्पादित टीएमटी बार की बेहतर गुणवत्ता, नेगेटीव टॉलरेंस, भूकंपरोधी और जंगरोधी गुणों तथा श्रेष्ठ वेल्डेबिलिटी की पूरे देश में फैले सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के ग्राहकों द्वारा व्यापक रूप से सराहना की गई है। बार एंड रॉड मिल, एफई 500 डी ग्रेड में टीएमटी बार्स और रॉड की रोलिंग करने के साथ-साथ एफई 550 ग्रेड में टीएमटी उत्पादों की भी रोलिंग कर रहा है तथा खुदरा ग्राहकों हेतु घरों आदि के निर्माण के लिए सेल सेक्योर ग्रेड की रोलिंग की जा रही है।

संयंत्र की मर्चेंट मिल, भूकंप प्रतिरोधी गुणों के साथ एफई 500 डी और एफई 550 डी दोनों ग्रेड्स में टीएमटी बार्स की रोलिंग करती है। इसके अतिरिक्त, ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए उत्पादों में एचसीआर या उच्च जंग प्रतिरोधी गुण भी प्रदान किए जाते हैं। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र से भेजे जा रहे सभी टीएमटी उत्पादों की बार-कोडिंग की जाती है जिससे ग्राहकों को उत्पाद संबंधित सम्पूर्ण जानकारी मिल जाती है।

पूरे देश में सेल-भिलाई के टीएमटी बार्स का उपयोग बांधों, थर्मल, पनबिजली एवं न्यूक्लियर पॉवर परियोजनाओं, पुलों, राजमार्गों, फ्लाईओवरों, सुरंगों और ऊंची इमारतों के अलावा, कुछ ऐतिहासिक परियोजनाएं जैसे स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, बांद्रा-वर्ली सी-लिंक सेतु आदि के निर्माण में भी किया गया है। आगरा एक्सप्रेसवे, जिस पर लड़ाकू विमानों ने उड़ान भरी है तथा उत्तर-पूर्वी भारत में कई पुलों और सुरंगों के निर्माण में भी सेल-बीएसपी के टीएमटी बार्स का उपयोग किया गया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480